

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | रविवार, 05 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 321, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## सेना का ट्रक खाई में गिरा, चार जवानों की मौत

**श्रीनगर**

**जम्मू-कश्**मीर के बांदीपोरा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार सैनिकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार दोपहर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फिसलन के कारण सेना का एक ट्रक पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह दुर्घटना बंदीपोरा के सदरकूट पाईन इलाके में हुई जहां सेना का ट्रक फिसलन के कारण खाई में जा गिरा। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के अन्य जवान राहत कार्य में जुट गए। इस घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## कोहरे के कारण राजधानी-तेजस समेत 54 ट्रेनें घंटों हो रही लेट

**नई दिल्ली**

उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण रेल और फ्लाइट सेवा बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। रेलवे के मुताबिक 49 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली, अमृतसर, आगरा, हिंडन, श्रीनगर, लखनऊ, पठानकोट, चंडीगढ़ और ग्वालियर एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी जीरो है।

# ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं: पीएम मोदी

## 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरूआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकर्ताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया।




## 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं: पीएम मोदी

**पीएम ने कहा** कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना



बढ़ाया गया है। देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। हमारा विजन भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं।

गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, ह्लये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे...मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आजादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी जरूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो पहले उपेक्षित थे।

## नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे: पीएम



**प्रधानमंत्री** ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहा हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। हमने बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली को बढ़ाया है। हमने स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। आज गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टएप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। किसानों को फसलों का सही दाम मिले।







## समाधान दिवस में 77 प्रार्थना पत्र आए, पांच प्रार्थना पत्र का मौके पर किया गया निस्तारण

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज





**कौशांबी।** जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में शनिवार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रमेश कुमार निवासी ग्राम–गिरिया खालसा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मृतक पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का प्रार्थना पत्र विकास खण्ड कार्यालय में दिया था, जो अभी तक नहीं बना है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी चायल को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार रमेशमणि पाण्डेय निवासी ग्राम–खिजिरपुर कैलई द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्राम समाज की बंजर भूमि पर वृक्षारोपण कराना चाहता है, प्रार्थी को ग्राम समाज की भूमि पर पट्टा आवंटित किया जाय, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील मंझनपुर में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, वनाधिकारी राम सिंह यादव क्षेत्राधिकारी चायल एवं उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़, प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसी प्रकार सिराथू तहसील में एसडीएम और सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने समस्याएं सुनी।

## डीएम ने महाकुम्भ से सम्बन्धित हाइवे के किनारे बनाये जाने वाले वाहन पार्किंग का निरीक्षण कर लिया जायजा

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज



**कौशांबी। जिलाधिकारी** मधुसूदन हुल्गी ने महाकुम्भ–2025 से सम्बन्धित कानपुर एवं चित्रकूट की तरफ से आने वाले श्रृद्धालुओं एवं उनके वाहनों के रूकने के लिए हाइवे के किनारे आकस्मिक वाहन पार्किंग बनाने वाले स्थलां–कोइलहा रसूलपुर, भमका, मूरतगंज मेला मैदान एवं कोखराज थाना के सामने जमीन का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्किंग स्थलों में शौचालय, विद्युत, पानी एवं अलाव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाय, जिससे श्रृद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। उन्होंने वहॉ पर खाने–पीने के लिए अस्थायी दुकानें खुलवाने के भी निर्देश दियें। उन्हांने स्वाथ्य विभाग की टीम को 24 घण्टे एलर्ट रहने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी श्रृद्धालु को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये इस सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने कहा कि श्रृद्धालुओं के आवागमन वाले रूटों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न फैलाया जाय।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चायल योगेश कुमार गौड, क्षेत्राधिकारी चायल, नायब तहसीलदार चायल एवं लेखपाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अपहरण व पास्को एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज






**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर थाना बड्डूपुर व देवा पुलिस वांछित आरोपी की तलाश में एक अपहरण व दूसरा पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपों को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी कया । थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त नीरज पुत्र गंगाराम निवसी ग्राम फुलवारी टांडा निजाम अली थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। थाना देवा पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट व SC/ST एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सचिन उर्फ चुनमुन पुत्र अवधकिशोर उर्फ ननकन निवासी ग्राम उखड़ी थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



**बाराबंकी ।** कप्तान के निर्देश पर तमंचा लेकर गुंडई करने वाले एक आरोपी को सफदरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर तमंचा कारतूस बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा शनिवार को अभियुक्त कामिल पुत्र मो0 हामिद निवासी ग्राम शहावपुर थाना मसौली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा.12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस.12 बोर बरामद किया गया।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज

**फतेहपुर । पुलिस अधीक्षक** फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना राधानगर पुलिस द्वारा जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त आशीष तिवारी पुत्र प्रेम नारायण तिवारी निवासी नई बस्ती राधानगर थाना राधानगर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# हत्या की घटना का खुलासा, घटना में प्रयुक्त एक डम्फर वाहन, 4 मोबाइल फोन के साथ 2 गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



**कुशीनगर।** दिनांक 31.07.2024 को वादी योगेन्द्र शर्मा पुत्र रामज्ञान शर्मा निवासी हरिहरपट्टी टेकुआटार थाना रामकोला जनपद कुशीनगर द्वारा अपने पुत्र बृजेश शर्मा की षडयंत्र के तहत हत्या के संबंध में थाना रामकोला पर तहरीर दिया गया। अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के खुलासे के लिये अपर पुलिस अधीक्षक श्री रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। दको थाना रामकोला व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए घटना में प्रयुक्त एक अदद डम्पर बरामद कर घटना में सम्मिलित दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 31.07.2024 को वादी योगेन्द्र शर्मा द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर थाना रामकोला पर मु0अ0सं0 335/24 धारा 103/61(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में ज्ञात हुआ कि मृतक बृजेश शर्मा पुत्र योगेन्द्र शर्मा निवासी हरिहरपट्टी टेकुआटार थाना रामकोला जनपद कुशीनगर व आरोपी महिला एक ही साथ पढे थे तभी से दोनो में काफी अच्छे घनिष्ठ संबंध थे। महिला का पति करीब दो साल से विदेश में रहता है। मृतक बृजेश कुछ दिनों के लिए बाहर चला गया था इसी बीच अभियुक्त राहुल भी महिला के करीब आ गया। मृतक बृजेश पुनः घर आ गया व महिला से पुनः सम्पर्क रखने का प्रयास करने लगा जो अभियुक्त् राहुल को नागवार लगता था। जिसको लेकर राहुल द्वारा अपने अन्य साथी सूरज कुशवाहा के साथ मिलकर डम्फर से कुचल कर सुनयोजित तरीके से बृजेश की हत्या करवा दी ताकि घटना एक्सीडेन्ट का लगे।

# विभिन्न जनपदों से आए पुलिसकर्मियों को दिया गया यातायात रूट व्यवस्था के बारे में प्रशिक्षण

सबसे तेज प्रयागराज



**प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज पाण्डेय के निर्देशन में यूनाइटेड कॉलेज नैनी आडिटोरियम में महाकुंभ मेले में आए विभिन्न जनपदों से आए पुलिसकर्मियों को यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा महाकुंभ के यातायात की रूट व्यवस्था,वाहन पार्किंग,स्नान घाटों, पांटून पुलों,,बस स्टैंड,प्रमुख चौराहों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि मेले में आए दूर दराज से श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करे उसके साथ उनके सुविधा को देखते हुए सरल व सुगम रास्ता से भेजने का काम करें,किसी भी घाट पर अधिक संख्या में लोगों को न जाने दें, बड़े वाहनों को उनके रूट पर निर्धारित पार्किंग में ही खड़ी कराए सड़क पर कोई वाहन न खड़ा हो।

मेले में किसी भी प्रकार की अफवाह ने फैलाने पाए जिससे भगदड़ की स्थिति न बने, भीड़ को स्थिति देखते हुए नियंत्रण में रखें । आपस में समन्वय बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को सूचित करें। जिससे सकुशल मेला संपन्न हो और आए हुए श्रद्धालु सुगमता से मेले की भव्यता का आनंद ले सकें।

# अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी। एसपी बृजेश** कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० उदय नारायण यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर बलराम सिंह महाविद्यालय मोड़ ग्राम मलाक मोहिउद्दीनपुर उपरहार के पास से अभियुक्त जैर पुत्र मो० बन्ने निवासी महगांव थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## चाकू के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया



**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर बरियांवा रोड के पास से अभियुक्त शैलेन्द्र उर्फ कुल्ली सरोज पुत्र मंगल प्रसाद निवासी कोटिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 01 अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

## जगद्गुरु गगाचार्य स्वामी महेन्द्रानंद गिरि के शिविर में पौष पूर्णिमा से कार्यक्रम

सबसे तेज प्रयागराज



**प्रयागराज। श्री श्री** 1008 जगद्गुरु गगाचार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि महराज का शिविर महाकुंभ के सेक्टर –16 मेला कार्यालय के सामने हर्षवर्धन मार्ग के कार्नर प्लांट पर लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान शिविर में पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से दो फरवरी बसंत पंचमी तक शिविर में धार्मिक, सांस्कृतिक और संत वाणी का कार्यक्रम होगा जिसमें बड़ी संख्या में शिष्यगण और उनके परिवार के लोग शामिल होंगे। जगद्गुरु महेंद्रानंद गिरी महराज? ने बताया कि शिविर में विशाल यज्ञ, अन्नक्षेत्र चलता रहेगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्नानार्थी परिवार सहित प्रसाद ग्रहण करेंगे। जगद्गुरु गगाचार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि महराज ने बताया कि बड़ी संख्या में शिष्य, श्रद्धालु गिरिनारी, जूनागढ़ से चलकर प्रयागराज महाकुंभ शीघ्र पहुंचकर स्नान, पूजन और दान करेंगे। उन्होंने लोगों से महाकुंभ में आने का आह्वान करते हुए लोगों से कहा कि शरीर और मोह के आगे भी है जीवन, एक पावन अनुभव के लिए सभी लोग महाकुंभ अवश्य चलें। उल्लेखनीय है कि अयोध्या के राजा मुकुन्द महराज देवता, राक्षसों की लड़ाई के दौरान सेनापति थे। विजय के बाद देवताओं से आशीर्वाद लेकर राजा मुचकुन्द जूनागढ़ की पहाड़ियों में विश्राम करने लगे। इसी दौरान राक्षस कालयवन भगवान श्रीकृष्ण का पीछा करते हुए राजा मुचकुन्द के विश्राम वाली गुफा में पहुंचा और विश्राम कर रहे राजा मुचकुन्द को पैर की ठोकरें मारकर जगाने लगा जब राजा मुचकुन्द ने आंखें खोली तो राक्षस कालयवन सन्न हो गया और जलकर भस्म हो गया है। उसी राजा मुचकुन्द की गुफा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी महेंद्रानंद गिरी महराज है।

## धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले 19 अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



**फतेहपुर। पु**लिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा 19 अभियुक्तगण फिरोज आलम पुत्र तसलीम अहमद निवासी ग्राम सोनमा थाना गौसाला जनपद महोत्री नेपाल हालपता कस्बा गाजीपुर. अरबाज पुत्र मुन्ना खां, नफीस पुत्र हफीज खां. रसूल पुत्र मजीद. हाकिम पुत्र अनीश. आसिफ खाँ पुत्र हसीन खाँ, साकिर पुत्र मंशूर. सहवान खाँ पुत्र वसीम. साजिद खान पुत्र आरिस. मिनहाज अहमद पुत्र शलीम. आकाश पुत्र कलाम. नूरबाबू पुत्र घसीटे. नईम खान पुत्र नसीम खान, नूरआसिफ पुत्र हसमत. चांद बाबू पुत्र घसीटे, सहनवाज पुत्र सलीम. साजिद पुत्र मजीद खान . वसीक खान पुत्र सलीम खान समस्त निवासी गण ग्राम कस्बा गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर. महमूद पुत्र अयाज निवासी ग्राम मुरस्सापुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ हालमुकाम कस्बा गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार की गयी ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य, उ0नि0 हिमांशु सिंह . हे0का0 वेदमणि ओझा।

## फूलपुर में संपूर्ण समाधान दिवस बना शो पीस 217 प्रार्थना पत्र में निस्तारण शून्य

मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज



**फूलपुर ।** प्रदेश सरकार के अति महत्वपूर्ण संपूर्ण समाधान दिवस फूलपुर शो पीस बनकर रह गया है अधिकारी कर्मचारी केवल औपचारिकता करने के लिए उक्त समाधान दिवस पर पहुंच कर खाना पूर्ति करके चले जाते है फरियादी कड़ाके की ठंड में परेशान होने के बाद मायूस होकर अपने घर वापस लौटने पर मजबूर हो जाते है। प्रदेश की योगी सरकार कहने को तो गरीबों को निष्पक्षता पूर्ण न्याय दिलाने के लिए कड़े निर्देश जारी किया है किंतु स्थानीय अधिकारी कर्मचारी इसे गंभीरता से न लेकर लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए मनमानी तरीका अपना कर कागजों पर खाना पूर्ति कर रहे है जिससे फरियादियों को न्याय नहीं मिल पा रही है। शनिवार को फूलपुर तहसील में संपूर्ण समाधान की तहसीलदार फूलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मात्र औपचारिकता निभाई गई। इस अवसर पर कुल 217 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें निस्तारण शून्य रहा। फरियादीगण कड़ाके की ठंड में अपनी अपनी फरियाद लेकर उम्मीद के साथ पहुंचे किंतु उनके हाथ निराशा ही लगी इस अवसर पर सभी शिकायती पत्रों को निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को सौंप दिया गया।

तहसीलदार फूलपुर एवं नायब तहसीलदार नंदकिशोर शुक्ला ने फरियादियों की सुनवाई की। मौके पर राजस्व के आर आई एवं लेखपाल हाल में नहीं दिखे। कुल मिलाकर औपचारिकता निभाई गई। आरोप है कि उक्त शिकायती पत्रों को कागज पर ही निस्तारित कर दिया जाता है जिसके चलते फरियादी बार बार संपूर्ण समाधान पर अपनी शिकायती पत्रों को लेकर पहुंचते रहते है।

## फूलपुर में अधिवक्ताओं ने ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सौंपा शिकायती पत्र

सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान में फूलपुर के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता** बीरेंद्र प्रताप सिंह यदव के नेतृत्व में एक शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि फूलपुर क्षेत्र में बिना अनुमति के तेज लाउडस्पीकर और डीजे बजाए जा रहे है जिससे ध्वनि प्रदूषण तेजी से फैल रहा है जब की उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई है उसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन उक्त ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर किसी भी प्रकार से रोक नहीं लगा पा रही है जिससे कोर्ट का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। मौके पर बीरेंद्र प्रताप सिंह,मोहम्मद असरफ,जगदीश मौर्य आदि रहे।

## डीएम एसपी ने समाधान दिवस में सुनी फरियाद

सबसे तेज प्रयागराज




**बाराबंकी। शनिवार** जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर परिजात सभागार तहसील सिरौलीगौसपुर में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक/पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद रहें।

## तेज गति से वाहन चलाने वाले के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

सबसे तेज प्रयागराज



**फतेहपुर। शनि**वार को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए दिनांक 01.01.2025 से 15.01.2025 तक निर्धारित गति से अधिक तीव्रगति से चलने वाले व उल्टा दिशा में चलने वाले वाहन तथा भरी वाहन ट्रैक्टर ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप न लगे होने पर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर स्पीड रडार गन मशीन से तेज गति से चलने वाले वाहनों की सघनता से चेकिंग, बिना पार्किंग के हाईवे पर खड़े वाहनों पर कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर ट्राली आदि माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया साथ ही दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, सवारी ई रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई–रिक्शा तथा बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न कर वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई और नाबालिक द्वारा वाहन चलाने, टेंपो टैक्सी के द्वारा स्कूली छात्र छात्रों का परिवहन करने वाले अवैध वाहनों की सघनता से चेकिंग कर कार्यवाही की गई तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई ।

## समाधान दिवस डीएम एसपी ने तहसील खागा में सुनी जनसमस्याएं

सबसे तेज प्रयागराज



**फतेहपुर। शनि**वार को तहसील खागा फतेहपुर में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा जनसमस्याओं को सुनकर तथा प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों /कर्मचारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

## मुख्य चौराहे पर मूत्रालय की सुविधा नदारद करोड़ो कर्च के बाद भी स्वच्छता अभियान फेल

सबसे तेज प्रयागराज





**लालगोपालगंज** प्रयागराज । गांवों और नगरो में स्वच्छ भारत मिशन पर दो साल में करोड़ो रुपये सरकार ने भले खर्च कर दिए,लेकिन स्वच्छता की बयार नहीं बही यह हाल तब है जब इसको लेकर केंद्र और राज्य सरकार ने पूरा जोर लगाया जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साधी तो अफसरों ने भी हाथ ढीले कर दिए नतीजतन यह हुआ की अब बाजार हाट आने वाली महिलाओ और पुरुष को मूत्रालय की सुविधा न मिलने से इधर उधर भटकना पड़ता है । लोग खुले मे मूत्र विसर्जन कर स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहे है लालगोपालगंज कस्बा के मुख्य हनुमान चौराहा पर शौचालय और मूत्रालय की व्यवस्था न होने से बाजार आने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है । पुरुष तो हनुमान मंदिर के पिछले हिस्से की दिवाल पर ही मूत्रविसर्जन करते है जब की महिलाओ को सर्वाधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जब की मुख्य हनुमान चौराहे पर व्यवस्थाओ को लेकर व्यापार मण्डल ने नगर पंचायत प्रशासन के साथ बैठक कर समस्या के समाधान की मांग किया था जिसपर नगर पंचायत प्रशासन ने समस्या के समाधान का वादा किया था किन्तु आज तक नगर पंचायत की तरफ से चौराहे पर कोई मूलभूत सुविधा नहीं उपलब्ध कराई गई जिससे बाजार आने वाले लोग खुले मे मूत्र विसर्जन करते है इससे उठने वाली दुर्गंध से लोगो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।

## तेज रफ्तार ट्रेलर जालिम नगर चौकी में घुसा, चौकी ध्वस्त, बाइक व कुर्सियां क्षतिग्रस्त

**बहराइच।** जिले के लखीमपुर सीमा पर स्थित जालिम नगर चौकी में रात 12.30 बजे ट्रेलर घुसकर पलट गया।इस हादसे में फूस की बनी चौकी टूट गई। चालक और फॉलोवर को हल्की चोट आई हैं।लखीमपुर जिले की ओर से गुरुवार रात को ट्रेलर ट्रक संख्या एचआर 55 एसी 0628 का चालक मुरादाबाद निवासी विक्की वाहन तेजी से चलाता हुआ बहराइच की ओर आ रहा था। तभी चालक अनियंत्रित होकर फूस के बने जालिम नगर चौकी में घुस गया। इसके बाद पलट गया। चौकी के पास खड़ी दो बाइक ट्रेलर के नीचे दब गई। दो बैरियर , सात प्लास्टिक की कुर्सी, मेस के बर्तन और बाइक टूट गई है।वहीं ट्रेलर के चालक और फॉलोवर को हल्की चोट आई है। खलासी अंकुर के साथ पुलिस कर्मी भी बाल बाल बच गए। रात होने के चलते बड़ा हादसा टल गया। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शायद नींद आने के चलते हादसा हुआ है लेकिन आवास और रात्रि गश्त में होने के चलते पुलिस कर्मी भी बच गए। मालूम हो कि चौकी फूस के मकान में संचालित है। जबकि आवास पक्का बना हुआ है।

## संगठन को नए सिरे से तैयार करने के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता – धीरज

**बहराइच।** कांग्रेस भवन सभागार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक की तथा अलग अलग कार्यकताओं से बैठकर आगामी रणनीति पर चर्चा की।राष्ट्रीय सचिव के साथ निवर्तमान प्रदेश महासचिव व संगठन प्रभारी अनिल यादव, निवर्तमान प्रदेश सचिव अरशद खुर्शीद, पूर्व प्रदेश सचिव ज्ञानेश शुक्ल, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, निवर्तमान प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी बलराम गुप्ता ने कार्यकताओं से फीडबैक लिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि संगठन को पुनः नए सिरे से तैयार करके 2027 के लिए अभी से जुटना है।

अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ना प्रथम प्राथमिकता रहेगी।निवर्तमान प्रदेश महासचिव अनिल यादव ने कहा कि कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी है। कार्यकताओं को कांग्रेस ने सदैव अग्रणी भूमिका में रखा है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल ने सभी का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

# सरकार फर्जी मुकदमा दर्ज करना बंद करें- गौरव पांडेय

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिला कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पांडेय के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के पश्चात भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां उन्होंने एक ज्ञापन राज्यपाल को जिलाधिकारी के माध्यम से सौपा , जिसमें यह कहा गया झांसी में किसानों का मुद्दा उठाकर किसानो की मदद कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराया जो की बेहद ही निंदनीय है , जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने





ज्ञापन के माध्यम से कहा की भाजपा की वर्तमान सरकार हमारे केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ दर्ज कराए मुकदमे को वापस ले वरना कांग्रेसी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। ज्ञापन देने के पश्चात पत्रकारों को संबोधित करते हुए कौशांबी के प्रभारी प्रदेश सचिव राजेश साहनी ने कहा की वर्तमान भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है आज तक उन्होंने किसानों से किए गए वादे पूरे नहीं किए हैं , ज्ञापन देने में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्याम मूर्ति तिवारी ने कहा की किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है और भारत किसानों का देश माना जाता है लेकिन यह भाजपा सरकार किसानों का सम्मान नहीं करती ,ज्ञापन के पश्चात पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहम्मद आरिज ने कहा वर्तमान सरकार किसान विरोधी है नौजवान विरोधी है यह ना तो किसानों के साथ न्याय कर रहे हैं और ना ही नौजवानों के साथ न्याय कर रहे हैं । ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पांडेय ,कौशांबी कांग्रेस के प्रभारी प्रदेश सचिव राजेश साहनी , उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ,कांग्रेस नेता श्याम मूर्ति तिवारी ,वरिष्ठ नेता नैयर रिजवी , जिला महासचिव शशि प्रताप त्रिपाठी , रामसूरत रैदास , मोहम्मद फरमान ,दीपक पांडे बाबूजी ,कौशलेश द्विवेदी मोहम्मद आरिज , राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष अमित द्विवेदी ,सोशल मीडिया प्रभारी सचिन पांडे ,जिला सचिव मो0 नसीम , आसिफ अल्वी , राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष सैफ मंसूरी , मनजीत कुमार , भीम पाल , हेमंत रावत, गोपाल पाल ,आदित्य कुशवाहा ,उस्मान अंसारी , हितेश यादव ,बालेंद्र यादव ,इंद्रपाल ,छोटेलाल , रामदास ,बाई लाल , अमृतलाल बाबूलाल , छोटका , आशीष आदि मौजूद रहें।

## धूमनगंज पुलिस द्वारा महिला समेत चार वारण्टी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। धूमनगंज** पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना चार वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।

प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज अमरनाथ राय ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर चार चार अभियुक्त अजमल खान पुत्र स्व0 गुलाब खान, अकरम पुत्र अजमल व अभियुक्ता अफसरी बेगम पत्नी अजमल खान, फिजा बेगम पत्नी अकरम खान निवासीगण- गोहरा मारूफपुर थाना कौशाम्बी जनपद कौशाम्बी को अभियुक्तों के निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## सोते समय किसान के सिर में कुल्हाड़ी से वार हालत गंभीर



**सिर में फैंसी कुल्हाड़ी को नहीं निकाल सके मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।मंझन**पुर कोतवाली के अम्बावा पश्चिम गांव में शुक्रवार की आधी रात टीनशेड के नीचे सो रहे युवक पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर दिया गया। इससे कुल्हाड़ी युवक के सिर में फंस गई। युवक की चीख पुकार सुनकर बगल में सो रहा व्यक्ति जाग गया और हो हल्ला मचाया जानकारी मिलते ही मौके पर परिवार के साथ तमाम लोग पहुंच गए गंभीर हालत में युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।जहां से उसे एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के अम्बावा पश्चिम निवासी अशफीर्लाल पुत्र सरजू ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा जय सिंह उर्फ तूफान सिंह उम्र 25 वर्ष शुक्रवार की रात गांव के ही सुरेश त्रिपाठी के खेत में बने टीनशेड के नीचे सोया था। रात करीब दो बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके सिर पर सोते समय कुल्हाड़ी से प्रहार किया। इससे कुल्हाड़ी उसके सिर में ही फंस गई। जय सिंह ने शोर मचाया तो जानकारी हुई। गांव के लोगों के साथ वह भागकर पहुंचा। बेटे की हालत देखकर उसको आनन-फानन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया।मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने तहरीर लेकर अज्ञात हमलावर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी संजय तिवारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है। जल्द ही हमलावर का पता लगा लिया जाएगा।

**सिर में फंसी कुल्हाड़ी समेत रेफर हुआ जय सिंह**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के अम्बावा पश्चिम गांव के जय सिंह पर हमलावर ने कुल्हाड़ी से घातक प्रहार किया था। वार इतना जबर्दस्त था कि कुल्हाड़ी सिर में ही फंस गई थी। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने निकालने का प्रयास किया था, लेकिन वह सिर में काफी नीचे तक धंसी थी, इसीलिए चिकित्सकों ने कुल्हाड़ी को बाहर नहीं निकाला। चिकित्सकों का कहना है कि यदि कुल्हाड़ी निकाली जाती तो स्थिति गंभीर हो जाती। युवक को बचाना मुश्किल हो जाता। इसीलिए जय सिंह को सिर में धंसी कुल्हाड़ी के साथ ही रेफर किया गया।

### हमले की वजह खंगाल रही पुलिस

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के अम्बावा पश्चिम गांव के जय सिंह पर सोते समय शुक्रवार की रात हमला किया गया। जय सिंह की स्थिति नाजुक है। इससे परिजन चिंता में डूबे हैं। परिजनों के आंसू नहीं थम रहे हैं। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है, फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर हमले की वजह क्या है। पुलिस ने जय सिंह के पिता से तमाम जानकारियां हासिल की हैं। गांव के कई संदिग्ध लोगों की गतिविधियां अब खंगाली जा रही हैं।

# बच्चों की प्रस्तुति पर झूम उठे लोग

## जेडी आर एन विश्वकर्मा, डीआईओएस पीएन सिंह ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

## शिवचरण दास कन्हैया लाल इण्टर कालेज का धूमधाम से वार्षिकोत्सव संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** शिवचरण दास कन्हैया लाल इंटर कॉलेज प्रयागराज के पाठशाला ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या आरोहण (वार्षिकोत्सव) - 2024 का आगाज धूमधाम के साथ आज हुआ।सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेडी आर एन विश्वकर्मा और विशिष्ट अतिथि



डीआईओएस पीएन सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने विद्यालय के संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर सारस्वत खत्री पाठशाला सोसाइटी के सचिव सोहित खन्ना,विद्यालय के प्रबंधक धीरज खन्ना , अमित खन्ना प्रबंधक टैगोर पब्लिक स्कूल, सोसाइटी के पदाधिकारी गन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र आयुष त्रिपाठी व अनय व्यास ने किया। कार्यक्रम की मुख्य झलकियों में "स्वच्छता में ईश्वर का वास है",लावणी युगल नृत्य,साइबर क्राइम नाटक ने वर्तमान समस्याओं पर लोगो को जागरूक बनाने के साथ ही साथ मनोरंजन भी किया। "अवध सजायेंगे,की मनमोहक प्रस्तुति ने लोगो को बरबस थिरकने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की अप्रतिम प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। टूटते सपनो का बसेरा व रंग दे बसंती समूह नृत्य ने लोगो को कुछ सोचने के साथ ही देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित भी किया।कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा के सूत्रधार हिंदी प्रवक्ता धर्मवीर सिंह कला प्रवक्ता पवन कुमार शुक्ल व विश्वनाथ मिश्र रहे ' इस अवसर पर प्रमोद कुमार पाल, कमला कांत शुक्ल, प्रेम कुमार सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, मनोज सिंह, सत्यम दुबे का सहयोग सराहनीय रहा ' अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रबंधक धीरज खन्ना ने किया।इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रधानाचार्य लाल चंद्र पाठक ने प्रस्तुत किया । जेडी आर एन विश्वकर्मा और डीआईओएस पीएन सिंह ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित। विद्यालय में कक्षा 10 व 12 में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले व विभिन्न प्रतियोगिताओं अपनी लोहा मनाने वाले छात्रों मो अफरीदी, कार्तिकेय श्रीवास्तव को प्रसस्ती पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया ' अनन्य व्यास, सूर्य प्रताप को भी सम्मानित किया गया गया '

कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों सहित कार्यक्रम के सफल संचालन में लगे समस्त समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, कर्मचारीओ के प्रति धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के कंप्यूटर विभाग प्रमुख विश्वनाथ मिश्र ने किया।

## छिवकी, नैनी एवं प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर मॉक ड्रिल का आयोजन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महा**कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा उपलब्ध कराने के क्षेत्र में रेल प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में किसी संभावित आपदा के दौरान सभी संबंधित विभागों को किस प्रकार से कार्य करना है इसका मॉक ड्रिल अभ्यास भी निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 04 जनवरी, 2025 को वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ओ एंड एफ) श्री विकास कुमार के मार्ग निर्देशन में प्रयागराज छिवकी, नैनी एवं प्रयागराज जंक्शन पर मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया, इस दौरान आग लगने एवं भगदड़ जैसी आपदा के दौरान किए जाने वाले बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। इसी क्रम में प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर आयोजित मॉक ड्रिल में प्रयागराज छिवकी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या -1 पर आग की घटना के संबंध सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल सक्रिय हो गए। आग पर काबू पाया गया और मॉक ड्रिल में शामिल चार यात्रियों को मेजर इंजरी, व एक यात्री को माइनर इंजरी हुई। सभी घयलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चाका ले जाया गया, मॉक ड्रिल को सकुशल संपन्न कराया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ चिकत्सा, रेडियो ऑपरेटर, रैपिड एक्शन टीम, क्विक रिस्पॉन्स टीम उपस्थित थीं। इस मोचक ड्रिल में सभी टीमों ने मिलकर कार्य किया। इसी क्रम में नैनी स्टेशन पर भी मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। इस दौरान भगदड़ जैसी स्थिति का रूपांतरण किया गया तथा भगदड़ में घायल यात्रियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राथमिक चिकित्सा देकर एवं अस्पताल पहुंचकर मॉक ड्रिल को सकुशल संपन्न किया गया।

इस मॉक ड्रिल के दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त/ रेलवे सुरक्षा बल, सहायक सुरक्षा आयुक्त/ रेलवे सुरक्षा बल/एरिया, एसडीएम, स्टेशन अधीक्षक/प्रयागराज छिवकी, प्रभारी निरीक्षक/प्रयागराज छिवकी एवं एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इसी क्रम में प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक के दिल्ली चोर पर आज संबंधी घटना का भी मॉडल किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ का वांछित अभियुक्त तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अ**धीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना ललौली पुलिस द्वारा (पुलिस मुठभेड़) व गोवध निवारण अधि० मे वांछित शातिर अभियुक्त फैसल नट पुत्र सम्गीर निवासी ग्राम जजरहा थाना ललौली जनपद फतेहपुर को मुखबिर की सूचना पर मुल्ला जी के ट्यूवेल रोड किनारे बहद ग्राम कोर्राकनक थाना ललौली जनपद फतेहपुर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।



गिरफ्तार करने वाली टीमः थानाध्यक्ष बृन्दावन राय थाना ललौली, उ0नि0 देवेन्द्र सिंह।

## जीआरपी प्रयागराज में सुरक्षा- व्यवस्था व महाकुंभ-2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में हुई समीक्षा गोष्ठी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुंभ**-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के द्दष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अभिषेक यादव द्वारा शनिवार को रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन स्थित थाना जीआरपी प्रयागराज में सुरक्षा- व्यवस्था व महाकुंभ-2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। जिसमें श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु वाह्य एवं आन्तरिक यातायात/मूवमेन्ट योजना, प्रवेश /निकास द्वार, सकुर्लेटिंग एरिया, होल्डिंग एरिया आदि पर पुलिस फोर्स के डिप्लॉयमेंट व महाकुंभ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के द्दष्टिगत संभावित आपदा जैसे भगदड़, आगजनी आदि से निपटने के लिए मॉक ड्रिल/रिहर्सल का आयोजन कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने हेतु सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह प्रभारी मेला जोन प्रयागराज जंक्शन, पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार यादव प्रभारी मेला सेक्टर प्रयागराज जंक्शन, प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज राजीव रंजन उपाध्याय, प्रभारी अस्थाई थाना जीआरपी प्रयागराज व जीआरपी के अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## सैनी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। कोत**वाली सैनी पुलिस वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया। शनिवार को थाना सैनी पुलिस उ०नि० अंजनी कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त गुलाब पुत्र मदन लाल निवासी विजयीपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशांबी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 02, थाना पिपरी से 02, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## चेकिंग के दौरान 97 वाहनों का हुआ चलान




**कौशांबी। जनपद** में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 97 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## डीजीपी ने महाकुंभ मेला की तैयारियों का लिया जायजा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ मेले की तैयारियों के लिए जाते समय वह अचानक सिविल लाइंस थाने पहुंच गए। थाने का निरीक्षण करने के बाद वह महाकुंभ मेला क्षेत्र में किला घाट पर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही जल पुलिस और मोटर बोट के माध्यम से चौकसी बरतने का निर्देस दिया। पुलिस महानिदेशक ने मेला क्षेत्र में बनाए गए मेला एसएसपी के अस्थायी कुंभ कार्यालय का भी उद्घाटन किया। बोट से संगम नोज का निरीक्षण किया। इसके बाद एटीएस की तैयारियों को देखा।



पुलिस महानिदेशक ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि महाकुंभ में पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सारे मेले क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। सभी विभागों के समन्वय से कार्य चल रहा है। यहां सभी एहतियात लिए जा रहे हैं। हमने महाकुंभ के दौरान 40 से 50 करोड़ लोगों के स्नान कराने की और उनको सकुशल गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ली है। इस मौके पर एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, समेत कई पुलिस अफसर मौजूद रहें।

## ऑन लाइन ठगी करने वाले 5 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। थाना नवा**बगंज, एसओजी व सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले 5 अभियुक्त गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके कब्जे से 32 नए एटीएम कार्ड, 41 पासबुक, 23 चेकबुक, 7 पैन कार्ड, 4 कोटक महिन्द्रा बैंक का भरा हुआ फार्म व 20 कूटरचित आधार कार्ड बरामद करने का दावा किया है।




पुलिस ने शनिवार को इनकी गिरफ्तारी अटरामपुर रेलवे स्टेशन के पास से की है। गिरफ्तार लोगों में आलोक राज कुर्मी पुत्र महेंद्र प्रसाद निवासी राजा बिगहा थाना अस्थामा जिला नालंदा बिहार, सुखवेंद्र कुमार पुत्र बनारस प्रसाद कुर्मी ग्राम विलासपुर, थाना मानपुर, जिला नालंदा बिहार, निखिल शुक्ला पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम इस्माइलपुर थाना सोरांव, प्रयागराज, संदीप कुमार सरोज पुत्र लाल बहादुर सरोज निवासी ग्राम बीरनपुर, थाना मांधाता जिला प्रतापगढ़ और मोहू मुकीम सलमान पुत्र मोहू मोईन निवासी ग्राम कुल्हीपुर थाना मांधाता जिला प्रतापगढ़ बताए जा रहे हैं। पुलिस ने थाने में पूछताछ व लिखापढ़ी करने के बाद इन सभी को जेल भेज दिया।

**लालच में फंसाकर आधारकार्ड बिहार के गैंग को बेचते थे**

पुलिस की मानें तो गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि गांव के भोले भाले लोगों को बैंक खाता खुलवाने के बदले पैसे देने का लालच में लेकर उनसे आधार कार्ड ले लिया करते थे और उनमें कूटरचना कर फर्जी आधार कार्ड बनाकर विभिन्न बैंक में खाता खुलवाते थे और उन खातों को बिहार में साइबर ठगी करने वाले गिरोह को महंगे दाम में बेचा करते थे। इनके पास से 32 नए ए0टी0एम0 कार्ड, 41 नई पासबुक, 23 नई चेकबुक, 7 फर्जी पैन कार्ड, 4 कोटक महिन्द्रा बैंक का भरा हुआ फार्म व 20 कूटरचित आधार कार्ड बरामद हुए है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का एक गैंग है जिसका सरगना गौतम कुर्मी पुत्र धनजय प्रसाद ग्राम राजा बिगहा थाना अस्थामा जनपद नालंदा बिहार है। उसकी गिरफ्तारी अभी शेष है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अनिल कुमार मिश्रा, एस ओजी प्रभारी सुखचैन तिवारी, उपनिरीक्षक, मनीष पांडेय, उपनिरीक्षक वीरेंद्र तिवारी, उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहें।

## अवैध खनन - ढुलाई में डम्फर व ट्रक समेत 6 वाहन सीज



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। अवैध** खनन, परिवहन व ओवरलोड गाड़ियों के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेंद्र सिंह, खान निरीक्षक कौशाम्बी व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कौशाम्बी के साथ टीम बनाकर अलीपुरजीता से लेहदरी मार्ग पर अवैध ओवर लोड गाड़ियों एवं अवैध खनन से सम्बन्धित गाड़ियों की चेकिंग की गई। डम्फर नं0 UP71AT3890, ट्रक नं0 UP72T 3587, ट्रक नं0 UP71AT 3318, ट्रक नं0 UP 72 BT 4841 व डम्फर नं0 UP70 FT 6011, डम्फर नं0 UP32LN6244 को चेक किया गया तथा उक्त वाहनों पर लदे मोरंग के सम्बन्ध में कागजात नहीं दिखा सके। अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर खान निरीक्षक सहायक परिवहन अधिकारी व थाना पुलिस द्वारा चालान करते हुये सीज किया गया। सभी वाहनों को थाने पर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराकर विधिक कार्यवाही की गई है।

## सीआरआई पंप्स ने हासिल की एक बड़ी उपलब्धि: एमएसईडीसीएल, मुंबई, महाराष्ट्र से 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम के लिए 754 करोड़ रुपयों का ऑर्डर प्राप्त किया

**हिसार : सीआरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा** में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल ), मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह ह्मागेल त्याला सौर कृषी पंप (एमटीएसकेपी) योजना का हिस्सा है।

## चंडीगढ़ स्थित इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ 229 गुना सब्सक्राइब हुआ, 2025 के इस पहले आईपीओ को मिला निवेशकों का शानदार रेस्पॉन्स

**शिमला**

नए साल में आईपीओ की अच्छी शुरूआत हुई।चंडीगढ़ स्थित इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ कल बंद हुआ और इस दौरान इसे 229 गुना सब्सक्रिप्शन हासिल हुआ।कैलेंडर वर्ष 2025 में बंद होने वाला यह पहला आईपीओ है।इंडो फार्म इक्विपमेंट के आईपीओ को सब्सक्रिप्शन के अंतिम दिन शाम 7 बजे बीएसई डेटा के अनुसार कुल मिलाकर 229.68 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।तीनों श्रेणियों,क्यूआईबी,एचएनआई एचएनआई-एनआईआई हिस्से को 503.83 गुना और रिटेल निवेशकों के हिस्से को 104.92 गुना सब्सक्राइब किया गया।

# भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हुई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरुआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकर्ताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5



प्रतिशत से भी कम हो गई है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, ÷ये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे...मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आज़ादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी ज़रूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज़्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी ज़रूरतों को नज़रअंदाज़ किया लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो पहले उपेक्षित थे। उन्होंने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है।

# तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, छह की मौत

एजेंसी

**विरुधुनगर**। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। यह विस्फोट कितना जबरदस्त था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्टरी के चार कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वहां से छह लोगों के शव बरामद किए हैं। अभी वहां पर आग बुझाने और तलाशी का काम किया जा रहा है। विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में



पोमियापुरम गांव के निवासी बालाजी की इसी गांव में साईनाथ फायर वर्क्स नाम से पटाखा फैक्टरी है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय विस्फोटक नियंत्रण विभाग से लाइसेंस भी ले रखा है। बताया जा रहा है कि आज सुबह पौने दस बजे के करीब पटाखा फैक्टरी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। हादसे के वक्त फैक्टरी के 35 कमरों में 80 से ज्यादा मजदूर पटाखों के निर्माण में लगे हुए थे। बताया गया है कि यह विस्फोट पटाखा बनाने के लिए रसायन मिलाते समय अचानक घर्षण के कारण हुआ। इस विस्फोट में 4 कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गये। इन कमरों में मौजूद 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस घटना में और किसी के घायल या नुकसान होने के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# कांग्रेस-बीजेपी को ऐलान कर देना चाहिए,वो आप के खि़लाफ़ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है: केजरीवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली**। पंजाब की महिलाओं के एक समूह ने दिल्ली में क्क के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और दावा किया कि पंजाब विधानसभा चुनावों के दौरान उनके द्वारा किए गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'वे महिलाएं उनकी (कांग्रेस और भाजपा) पार्टी की हैं। वे पंजाब से नहीं आई हैं, पंजाब की महिलाएं हमारे साथ हैं। उन्हें आप पर भरोसा है। कांग्रेस और भाजपा को आधिकारिक तौर पर घोषणा करनी चाहिए कि वे दिल्ली में क्क के खिलाफ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'दिल्ली में हमारी सरकार पिछले 10 सालों से लोगों को मुफ्त पानी मुहैया करा रही



है। 12 लाख से ज़्यादा परिवारों को 0 पानी का बिल आता है। लेकिन मेरे जेल जाने के बाद, मुझे नहीं पता कि इन लोगों ने क्या किया। उन्होंने कुछ गलत किया और लोगों को हर महीने हज़ारों-लाखों रुपये का पानी का बिल आना शुरू हो गया। मैं सार्वजनिक रूप से और आधिकारिक तौर पर घोषणा करना चाहता हूं कि जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत हैं, उन्हें अपने पानी के बिल का भुगतान करने की ज़रूरत नहीं है, उन्हें इंतज़ार करना चाहिए। चुनाव के बाद आप की सरकार बनेगी और हम उनके गलत बिलों को माफ़ करवाएंगे। यह मेरा सभी लोगों से वादा है, यह मेरी गारंटी है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को अपने 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने राजधानी की विभिन्न सीटों पर दमदार चेहरों को उतारने की तैयारी की है। यह सूची भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की समीक्षा और दिल्ली के चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। परवेश वर्मा नई दिल्ली विधानसभा सीट से आप के अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। वहीं करोल बाग से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा, बिजवासन से कैलाश गहलोत, गांधी नगर से अरविंदर सिंह लवली को उमीदवार बनाया है। कालकाजी सीट से रमेश बिधूड़ी को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सामने उतारा है।

# मोदी सरकार ने 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना के काम किये : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना के काम किये हैं। अमित शाह नई दिल्ली में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास 'सुषमा भवन' और एडवांस पशु केयर सेंटर का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री एवं भाजपा नेत्री सुषमा स्वराज के नाम पर रखा गाय है। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि सुषमा स्वराज को हमेशा भाजपा के महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया जाएगा। भारत के संसदीय राजनीति के इतिहास में वे उन नेताओं में से एक हैं जो एनडीए-1 और एनडीए-2 दोनों



सरकारों में महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री रहीं। इस देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज को विदेश मंत्री या स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नहीं जानेगा, बल्कि उन्हें एक संघर्ष करने वाली विपक्ष की नेत्री के रूप में याद रखेगा। उन्होंने कहा कि यह सुषमा जी ही थीं जिन्होंने संसद में यूपीए-2 के 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले को संसद भवन में उजागर किया था। वह एक उदाहरण हैं कि एक विपक्ष का नेता कैसा होना चाहिए। मैं चाहूंगा कि सभी विपक्ष के नेता उनके काम का अध्ययन करें और उनके जैसे ही दिशा में काम करना शुरू करें। उन्होंने कहा, ÷विपक्ष के नेता का पद लोकतंत्र में कितना महत्वपूर्ण होता है, इसका जब उदाहरण दिया जाएगा तब सुषमा जी को जरूर याद किया जाएगा। शाह ने एनडीएमसी क्षेत्र में तमाम विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद से नरेन्द्र मोदी ने देश के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह भवन प्रधानमंत्री के अर्बन डेवलपमेंड का उदाहरण है। शाह ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधाते हुए कहा कि जो लोग हिसाब नहीं देना चाहते और हिसाब मांगने की आदत है। उन्हें बताना चाहता हूं कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना के काम किये हैं। सड़क निर्माण पर 41 हजार करोड़ रुपये, रेलवे के काम 15 हजार करोड़, 12 हजार करोड़ रुपये के एयरपोर्ट और उसके आसपास की सेवाओं पर खर्च किये। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे अब सिर्फ 45 मिनट में पहुंच सकते हैं।

# मुर्मु ने कर्नाटक में केन्द्र सरकार के ठोस प्रयासों की सराहना की

एजेंसी

**बेलगावी**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वास्थ्य देखभाल पहुंच और सामर्थ्य में सुधार के लिए केन्द्र सरकार के ठोस प्रयासों , विशेष रूप से आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना पर प्रकाश डाला है। श्रीमती मुर्मु बेलगावी में एक अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रही थी। श्रीमती मुर्मु ने लाखों भारतीयों, खास तौर पर कम आय वर्ग के लोगों के लिए कैंसर के इलाज की सुलभता बढ़ाने में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया।

उन्होंने शुक्रवार देर शाम को कहा, 'आयुष्मान भारत के तहत हमने कैंसर के निदान और उपचार की शुरुआत के बीच के समय में उल्लेखनीय कमी देखी है जिससे समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित होता है जो बेहतर परिणामों के लिए महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा 'योजना के कवरेज में 70 वर्ष और



उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने से बुजुर्गों को कैंसर देखभाल सहित किफायती स्वास्थ्य सेवा तक पहुंचने में सहायता और मजबूत होगी।'

अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित नवनिर्मित कैंसर अस्पताल एक ही छत के नीचे व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए तैयार है। अस्पताल की उन्नत उपचार सुविधाएँ कैंसर के त्वरित और सटीक उपचार को सुनिश्चित करेंगी। इसके अलावा, इससे पीड़ित मरीजों के लिए आशा की किरण प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा, 'स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को इलाज से ज़्यादा कुछ देना चाहिए, उन्हें उम्मीद और भरोसा देना चाहिए और रोगियों तथा उनके परिवारों का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभानी चाहिए।'

राष्ट्रपति ने कैंसर की वैश्विक चुनौती को भी दोहराया और 2022 में अनुमानित दो करोड़ नए कैंसर के मामलों और 97 लाख कैंसर से संबंधित मौतों की ओर इशारा किया। देश में 2025 तक कैंसर की घटनाओं में 13 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है जो विशेष कैंसर देखभाल सुविधाओं और सेवाओं के विस्तार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।श्रीमती मुर्मु ने कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान और समय पर उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बीमारी से लड़ने में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवा में लैंगिक असमानताओं को दूर करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला और परिवारों से महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा उनके लिए समय पर निदान एवं उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# नई दिल्ली से केजरीवाल, कालकाजी से आतिशी चुनाव हारेंगी - वीरेंद्र सचदेवा

एजेंसी

**नई दिल्ली** । दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को दावा किया कि पहली सूची में जिन 29 उम्मीदवारों का नाम सामने आया है सभी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि पूर्व सीएम और वर्तमान सीएम दोनों का हारना तय है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए आईएएनएस से ये बात कही। बोले, नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कालकाजी विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव हारेंगी। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, सभी उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे लिस्ट अच्छी जारी हुई है। आम आदमी पार्टी को इस बार दिल्ली से जनता हटाने का



मूड बन चुकी है। 29 कमल के योद्धा हम लोगों ने जनता को समर्पित किए हैं। इस लिस्ट में अनुभवी, युवा और संगठन के लोग भी हैं। सभी को दिल्ली की जनता है और इस बात में कोई दो राय नहीं है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनाएगी। भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में भाजपा ने 29 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। नई दिल्ली से भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा, और कालकाजी सीट से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को टिकट दिया है। नई दिल्ली से इस सीट पर कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित, कालकाजी विधानसभा सीट पर अलका लांबा को टिकट दिया गया है।यह दोनों सीट इस विधानसभा चुनाव में हॉट सीट मानी जा रही है। क्योंकि, नई दिल्ली से चौथी बार केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं।

## सरकारी संस्थानों और शिक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत-राहुल

**नयी दिल्ली**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षा को समाज के हर व्यक्ति का अधिकार बताते हुए कहा है कि सरकार को निजीकरण पर ध्यान देने की बजाए शिक्षा पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने की जरूरत है और इस पर सरकार को ज्यादा पैसा खर्च करना चाहिए ताकि शिक्षा को बढ़ावा मिले और इसके स्तर को और बेहतर बनाया जा सके। श्री गांधी ने कहा मेरा मानना है कि किसी भी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देना है।

# भाजपा ने दिल्ली में 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की



एजेंसी

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले बड़े नाम भी शामिल हैं।

भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को स्वीकृति दी है। पहली सूची में आदर्श नगर सीट से राजकुमार भाटिया, रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता, करोलबाग (सु) से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम, जनकपुरी से आशीष सूद, राजौरी गार्डन से सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, नयी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, कालकाजी से मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के खिलाफ रमेश बिधूड़ी, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय और विश्वास नगर से ओमप्रकाश शर्मा प्रमुख नाम हैं। कांग्रेस छोड़ कर आए राजकुमार चौहान को उनकी पुरानी सीट मंगोलपुरी (सु) और गांधीनगर से सरदार अरविंदर सिंह लवली को उम्मीदवार घोषित किया गया है। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अपने सभी उम्मीदवार और कांग्रेस 47 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

# वैज्ञानिक आर चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ, उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे: पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली** । पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वे भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।' देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार तड़के 3.20 बजे मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। 11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में जन्मे डॉ. राजगोपाल चिदंबरम को भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में



अहम भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने पोखरण-1 (1975) और पोखरण-2 (1998) के परमाणु परीक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी। चिदंबरम को साल 1975 और साल 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

# पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते यूपी सर्वाधिक लाभान्वित राज्य, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी बूम

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन के साथ हॉस्पिटैलिटी सेक्टर भी बूम पर है। हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक लाभान्वित राज्य है।

ग्लोबल हायरिंग इनडीड की एक रिपोर्ट के अनुसार 2023 में टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की रिक्तियों में 50 फीसद की वृद्धि देखी गई। अगले कुछ वर्षों तक इसमें 24 फीसद तक की और वृद्धि संभव है। इसका स्वाभाविक लाभ अयोध्या, वाराणसी, ब्रज और जेवर आदि और इनके आसपास के शहरों को मिलेगा। मसलन, राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद से ही अयोध्या हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का पसंदीदा स्थल बन कर उभरा है। कई नामचीन ब्रांड वहां होटल बनाने को लालायित हैं। ताज सहित दो दर्जन से अधिक होटलों के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। स्थानीय होटल भी अपनी क्षमता के अनुसार अपनी प्रॉपर्टी के विस्तार और बेहतरी में लगे हैं।अयोध्या तो इसका उदाहरण मात्र है। पर्यटकों की पसंद की अन्य जगहों पर भी कमोबेश यही स्थित है। एशिया का सबसे बड़ा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी तेजी से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के पसंदीदा स्थल के रूप में उभरा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा तो पर्यटन को स्थानीय लोगों से जोड़कर इसे जन उद्योग बनाने की है। इसलिए वह प्रयागराज के महाकुंभ और मकर संक्रांति से लेकर करीब महीने भर तक गोरखनाथ मंदिर परिसर में चलने वाले खिचड़ी मेले तथा ऐसे ही अन्य अवसरों के लिए कह चुके हैं कि स्थानीय लोग पर्यटकों, श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार से इसे ब्रांड बनाएं। सरकार अपनी ओर से इस बाबत जो संभव है, वह कर रही है। प्रदेश में हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म के सेक्टर में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में होटल्स के निर्माण में कुछ और छूट देने की भी सोच रही है। जगह के मानकों को लेकर कुछ छूट दी भी गई है। होम स्टे को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# राजनीति का सबसे बड़ा फ्रॉड दिल्ली की महिलाओं से भी कर रहा झूठे वादे-कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को राजनीति का सबसे बड़ा फ्रॉड करार देते हुए आज कहा कि जिस तरह से पार्टी को जिताने के लिए पंजाब की महिलाओं से झूठे वादे किए थे वैसे ही लुभावने वादे अब दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भी यहां की महिलाओं से किए जा रहे हैं। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा बरार तथा कांग्रेस के पंजाब के नेताओं ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा कर रहे हैं। पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था लेकिन आज तीन साल होने जा रहे हैं लेकिन पंजाब की किसी महिला को वादे के अनुसार कोई पैसा अब तक नहीं मिला है। श्री बरार ने कहा आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब के लोगों से कई वादे किए थे और अब वहां इस पार्टी की सरकार बने हुए तीन साल होने को हैं लेकिन जनता ने जिन वादों के भरोसे आम आदमी पार्टी को बहुमत दिया पंजाब के लोग आज भी उनसे किये वादों के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि वे पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देंगे। अब ऐसा ही वादा दिल्ली की महिलाओं से किया है। लेकिन जब इन वादों पर पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछा तो उन्होंने यह नहीं बताया कि वे इन वादों को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे।

# नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य पूर्ण निष्ठा से करे : गजेंद्र सिंह शेखावत

एजेंसी

**जोधपुर**। राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, मंडोर में आयोजित 119वीं फॉरेस्ट गार्ड ट्रेनिंग पासिंग आउट परेड में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने नवोदित वन रक्षकों की परेड का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने नवप्रशिक्षित वन रक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें वन और वन्यजीव संरक्षण का जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसे पूर्ण निष्ठा और



जिम्मेदारी से निभाना होगा।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण है कि आप सभी को प्रशिक्षण उस पवित्र धरती पर मिला है, जहां पर्यावरण रक्षा के लिए अमृता देवी बिश्नोई ने 363 लोगों के साथ अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ने हमेशा जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतुओं को देवताओं के समान पूजा है। लेकिन समय के साथ भौतिकवाद और गुलामी के कारण हमने अपने इन आदर्शों से दूरी बना ली। मंत्री शेखावत ने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व पर्यावरणीय संकट का सामना कर रहा है, और भारत भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण में ही इस संकट का समाधान निहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में वन संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मां के नाम एक पौधा अभियान से वृक्षारोपण के प्रति आमजन का उत्साह बढ़ा है। इस अवसर पर 12 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण पूरा कर 491 नवोदित फॉरेस्ट गार्ड्स ने अपनी सेवाएं प्रारंभ की।

## शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया में रुचि न लेने पर डीएम ने पटल सहायक को निलम्बित करने के दिए निर्देश

**बहराइच। जिले के** ग्राम पंचायतों में प्रधान एवं सचिवों के विरूद्ध नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। इस दौरान पूर्व में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में समय से पत्राचार व कार्यवाही न करने पर जिलाधिकारी ने तत्कालीन पटल सहायक आरिफ को निलम्बित कर कलेक्ट्रेट कार्यालय से सम्बद्ध किये जाने का निर्देश दिया। लगभग 30 प्रकरणों की समीक्षा के दौरान डीएम ने जांच समिति के अधिकारियों, एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव से एक-एक कर शिकायती आवेदन-पत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र से शीघ्र प्रकरणों में न्यायोचित कार्यवाही करते हुए जांच रिपोर्ट के निष्कर्ष के अनुसार सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाय।

डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन 01-02 फाइलों का परीक्षण कर लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करा दें। डीएम ने कहा कि परीक्षण के दौरान यह भी देखा जाय कि सम्बन्धित प्रकरण क्यों और किस स्तर पर लम्बित रहा है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक विलम्ब के लिए सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। डीएम ने सीडीओ को निर्देशित किया कि पदेन उत्तरदायित्वों के प्रति लापरवाह तथा जांच में सहयोग न करने वाले एडीओ पंचायत व पंचायत सचिवों को भी चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, डीडीओ/प्रभारी डीपीआरओ राज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश उपाध्याय, ईओ नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी सहित अन्य जांच अधिकारी, एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## पिछले साल की अपेक्षा नए साल पर कतर्नियाघाट में घट गई पर्यटकों की संख्या

**बहराइच। जि**ले के पर्यटन स्थल कतर्नियाघाट वन्य जीव संरक्षण इकाई में पर्यटकों की संख्या लगातार घटती जा रही है। यदि पिछले कई वर्षों की बात करें तो नए साल के मौके पर पर्यटकों की भारी भीड़ कतर्नियाघाट घूमने के लिए उमड़ पड़ती थी। स्थिति यह रहती थी कि वाहनों का जाम इंट्री गेट से लेकर 2 किलोमीटर दूरी तक लगा रहता था। इसके विपरीत इस बार कतर्नियाघाट की सड़कों पर पूरा दिन अपेक्षाकृत सन्नाटा पसरा रहा। पूरा दिन कतर्नियाघाट घूमने वाले पर्यटकों की संख्या काफी कम दिखाई दी है। जबकि पड़ोस के चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज मेले जैसा माहौल पूरा दिन दिखाई दिया है। पुल पर खाने-पीने से लेकर बच्चों के खिलौने आदि की दुकानें व बच्चों के झूले भी सजे हुए दिखाई दिए, जहां लोगो की भारी भीड़ जुटी रही। इतना ही नही घाघरा पुल से लेकर कैलाशपुरी बाजार तक 2 किलोमीटर की दूरी तक सड़कों पर पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रही। वहीं नए साल का जश्न मनाने आए लोग पुल के आसपास जगह जगह तरह तरह के पकवान बनाकर पार्टी करते नजर आए हैं। कतर्नियाघाट की ओर आने वाले पर्यटकों की पहली पसंद घाघरा बैराज रही जहां पर्यटकों का रेला उमड़ा रहा, जबकि कतर्नियाघाट जंगल घूमने वाले पर्यटकों की संख्या काफी कम रही है। कतर्नियाघाट में पर्यटकों की संख्या में लगातार गिरावट का जिम्मेदार आखिर कौन है इसका कारण क्या है ये पर्यटन विभाग के लिए चिंता का विषय है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग -31 पर जाम के झाम से जूझ रहे वाहन स्वामी

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 गाजीपुर-भरौली मार्ग पर बढ़नपुरा के पास पुलिया से होकर आवागमन करने वाले वाहनों के निकलने में परेशानी से प्रतिदिन लगने वाला जाम यात्रियों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन के लिए भी सिर दर्द बन गया है। जाम लग जाने के बाद उसे खुलवाने के लिए पुलिस को बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जाम लग जाने के बाद कब खुलेगा इसका कोई ठिकाना नहीं रहता। बढ़नपुरा की इस पुलिया के अलावा इस राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के किनारे की क्षतिग्रस्त पटरियां और पेड़ों की फैली टहनियों से भी वाहनों के आवागमन में दिक्कत पैदा हो रही है। वाहनों से लगने वाला जाम इतना बड़ा होता है कि जाम को छुड़ाने में पुलिस कर्मियों को घंटो मस्क्कत करनी पड़ रही है। तब जाकर कहीं वाहन अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान कर पाते हैं। ऐसे में ठंडी के इस मौसम में इस हाईवे से आने जाने वालों को कई घंटे जाम से जूझना पड़ रहा है। विशेष रूप से दूर जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जिले के आला अधिकारियों द्वारा एन एच आई के अधिकारियों को अवगत कराये जाने के बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं होने से इस एन एच-31 से गुजरने वाले हजारों यात्रियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।



## विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न, परीक्षा के दौरान कुल दस नकलची पकड़े गए

**गाजीपुर। वीर बहादुर** सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर परीक्षा केंद्र पर सकुशल सम्पन्न हो गई। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं तीन दिसंबर से तीन पाली में प्रारम्भ हुई और तीन जनवरी को सकुशल सम्पन्न हो गई। इस आशय की सूचना देते हुए पी० जी० कॉलेज, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं लगभग एक माह तक संचालित हुई और परीक्षा के दौरान कुल दस नकलची नकल करते हुए पकड़े गए जिन्हें रिस्टिकेट कर दिया गया। प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि इस बार परीक्षाएं दो दो घंटे की तीन पाली में सम्पन्न हुई, जिनमें प्रथम सेमेस्टर सुबह आठ से दस बजे तक, तृतीय सेमेस्टर सुबह ग्यारह बजे से एक बजे तक एवं पंचम सेमेस्टर की ां दो से चार बजे तक सम्पादित हुई।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# चुनावी लोकतंत्र और श्रीलाल शुक्ल का साहित्य -डॉ. सीमा मिश्रा

















**हैदराबाद**
श्रीलाल शुक्ल स्मारक राष्ट्रीय संगोष्ठी समिति तथा हिंदी प्रचार सभा के संयुक्त तत्वावधान में 31 दिसंबर को श्रीलाल शुक्ल की 99वीं वर्षगाँठ पर 18वीं वार्षिक संगोष्ठी प्रो. ऋषभदेव शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चुनावी लोकतंत्र और श्रीलाल शुक्ल का साहित्यह्व विषय पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि श्रीराम तिवारी (से. नि. आईपीएस, आंध्र प्रदेश सरकार) ने अपने वक्तव्य में कहा कि यदि जनता सजग है तो लोकतंत्र सफल होगा। अपने वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान और मोक्ष भारत भूमि में ही मिलता है और कहीं नहीं। उन्होंने कहा, श्रीलाल शुक्ल द्वारा रचित उपन्यास उस समय के समाज का दर्पण हैं। आज व्यक्ति दुखी नहीं है, वह पड़ोसी के सुख से दुखी है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर कहा कि जैसी सरकार चुनोगे तो उसके परिणाम भी आप वैसे ही भोगोगे। अपने विवेक का प्रयोग कर अच्छे लोगों को चुनें और भारत का भविष्य उज्ज्वल बनाएँ। प्रो. ऋषभदेव शर्मा ने अध्यक्षीय संबोधन में याद दिलाया कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सुधार तभी होगा जब जनता जागरूक होगी और जनता तभी जागरूक होगी जब सत्य को जानेगी। आपने आगे कहा कि सत्य का उद्घाटन करके समाज और लोकतंत्र में सुधार करना साहित्यकारों का काम है, लेकिन हमने यह काम नेताओं के हाथ में दे दिया। परिणामस्वरूप जो विसंगतियाँ श्रीलाल शुक्ल के समय थीं, वही विसंगतियाँ आज भी अंगद की तरह पैर धँसाए बैठी हैं। उन्होंने बताया कि श्रीलाल शुक्ल का व्यंग्य लेखन सही मायने में लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी के निर्वाह का चुटीला माध्यम है। मुख्य वक्ता प्रो. गोपाल शर्मा (पूर्व प्रो. एवं अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, अरबा मींच विश्वविद्यालय, इथियोपिया, अफ्रीका) ने अपने बीज भाषण में अपने व्यंग्य लेखन और श्रीलाल शुक्ल से भेंटवार्ता के दौरान हुए कई खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। उन्होंने व्यंग्य की चर्चा करते हुए कहा कि लेक्चर का मजा तो तब है, जब सामने वाला समझ जाए कि ये बकवास कर रहा है!

विशिष्ट अतिथि प्रो. गंगाधर वानोडे (क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र) ने राग दरबारी एवं अन्य पुस्तकों पर चर्चा कर अपने विचार साझा किए। अफगानिस्तान से पधारे मो. फहीम जलांद ने अपने वक्तव्य में श्रीलाल शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए उनकी रचनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अर्मीनिया से सुश्री अलीना ने अपने ऑनलाइन संदेश में संगोष्ठी के विषय पर चर्चा करते हुए संयोजकों को बधाई दी। पुष्पक-संपादक डॉ. आशा मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्रीलाल शुक्ल ने प्रजातंत्र की पीड़ा को भोगा है। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति को समझने के लिए राग दरबारी से बेहतर पुस्तक नहीं है। उन्होंने श्रीलाल शुक्ल के कई उपन्यासों की चर्चा करते हुए कहा कि भारत भले ही इंडिया बन जाए पर रहेगा वह गाँवों का ही देश।

साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति, हैदराबाद की संस्थापक,-अध्यक्ष डॉ. अहिल्या मिश्रा ने ऑनलाइन माध्यम से आशीर्वाद दिया। सम्माननीय अतिथि अनिल कुमार वाजपेयी (से. नि. पुलिस अधीक्षक, गुप्तचर विभाग, तेलंगाना) ने विगत 17 वर्षों से होती आ रही संगोष्ठियों एवं इस बार अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में गणमान्य अतिथियों को एक मंच पर एकत्रित करने के लिए विशेष बधाई दी। आत्मीय अतिथि नौमीन सूरपराज कलार्पालेम ने अपने वक्तव्य में आज की नई पीढ़ी पर व्यंग्य करते हुए कहा कि युवक पढाई पर कम और फोन पर ज्यादा ध्यान देती है। साथ ही उन्होंने चुनावी लोकतंत्र एवं राग दरबारी पर संक्षेप में प्रकाश डाला। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वामन राव ने अपने वक्तव्य में कहा कि चुनाव तंत्र भावनाओं से खेलना/भावनाओं का दुरुपयोग करना है।

अपने सुझाव देते हुए कहा कि गलत के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, लेकिन खेद की बात है कि कोई आवाज उठाता नहीं है।

साथ ही उन्होंने इस अभूतपूर्व कार्य की सराहना करते हुए इस निरंतर की जाने वाली संगोष्ठी शृंखला के लिया साधुवाद एवं बधाई दी। मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के डॉ. इरशाद अहमद ने अपने वक्तव्य में चुनावी लोकतंत्र एवं श्रीलाल शुक्ल के साहित्य पर प्रकाश डाला।

लकवि एवं उपन्यासकार रवि वैद ने अपने संचालन के माध्यम से मंच व सभागार को बाँधे रखा/मंत्रमुग्ध कर दिया एवं संचालन के दौरान श्रीलाल शुक्ल की रचनाओं के प्रासंगिक उद्धरणों के माध्यम से सभी का ज्ञानवर्धन भी किया। संयोजक डॉ सीमा मिश्रा ने आरंभ में अपने आलेख चुनावी लोकतंत्र और श्रीलाल शुक्ल की प्रस्तुति द्वारा संगोष्ठी विषय प्रवर्तन किया तथा अंत में संगोष्ठी में उपस्थित सभी शोधार्थियों, अध्यापकों एवं देश के सभी गणमान्य साहित्यकारों एवं पत्रकारों का आभार प्रकट किया।

## श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धेय किशन कुमार सोनकर (किशन सोनकर शास्त्री) को दी गई भावपूर्ण विदाई



**वाराणसी :- वाराणसी** के पहड़िया फल व सब्जी मंडी में प्रगतिशील फल/सब्जी व्यापारी समिति पहड़िया मंडी वाराणसी के 1982 से अब तक के अध्यक्ष रहे श्रद्धेय किशन कुमार सोनकर (किशन सोनकर शास्त्री जी) की पहड़िया मंडी परिसर मे श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई` समाज,व्यापारिक जगत और उनके प्रशंसकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की इस सभा में उनके छोटे भाई,डॉ.विजय सोनकर शास्त्री (पूर्व सांसद,पूर्व एससी/एसटी आयोग अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता) मुख्य रूप से उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में कहा किशन जी का जीवन सादगी,सेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक था उनके द्वारा किए गए कार्य हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे` सभा में अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं,सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके जाने को एक अपूरणीय क्षति बताया` सभा में उपस्थित अधिवक्ता राहुल सोनकर(कानून मंत्री),हाजी मोहम्मद इकराम,दसरथ यादव,ब्रिजेश सोनकर,नंदलाल सोनकर, गोपाल सोनकर ,विजय सिंह,ताज मोहम्मद,संतोष सिंह,संतोष कुमार सोनकर,गुलजार अहमद,(कानून मंत्री), भैया लाल सोनकर,इरफान अहमद,दिनेश सोनकर,दिलीप सोनकर,गोपाल सोनकर, राजेश सोनकर,सह कानून मंत्री मनोज सोनकर,सह सूचना मंत्री जमुना सोनकर, बोदे लाल सोनकर` करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

## राष्ट्र के लिए समर्पण की भावना ही रोशना कुंवरी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : राजेश पांडेय

**सिकंदरपुर ( बलिया) -** जनपद के गढ़मलपुर सहुलाई स्थित श्री नाथ इंटर कॉलेज परिसर में दानवीरा रोशना कुंवरी की स्मृति में 70वाँ उत्सर्ग दिवस पर प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में भव्य आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय, पोला सिंह, डॉ. शैलेश सिंह शौर्य व प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दानवीरा रोशना कुंवरी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। तदोपरांत छात्र / छात्राओं ने प्रभात फेरी के साथ स्वागत गीत गाकर अतिथिगण का स्वागत किया।



छात्र / छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह प्रबंधक राजेश पांडेय ने कहा कि, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति रोशना कुंवरी छात्र / छात्राओं के जेहन में सदैव स्मरणीय रहेगी, युवाओं में राष्ट्र के लिए समर्पण की भावना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डी.बी. कॉलेज, जयनगर (बिहार) के युवा शिक्षाविद, युवा साहित्यकार डॉ. शैलेश कुमार सिंह शौर्य ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि, मानव धर्म में केवल त्याग और समर्पण ही है जो मानव के धर्म को बड़ा एवं जीवन को सार्थक बनाता है। इस विद्यालय से पढ़ने वाले छात्रों में रोशना कुंवरी का त्याग, समर्पण और बलिदान सदैव अमर रहेगा। प्रबंध समिति के सदस्य कृष्ण कुमार सिंह पोला सिंह ने रोशना कुंवरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, त्याग व समर्पण की भावना को महत्व देकर अपने जीवन को सरल और सफल बनाने की दिशा की ओर अग्रसर होना चाहिए। त्याग और समर्पण प्राणी का वह गहना है जिनके समावेश से जीवन की सुंदरता निखरती है।

अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डालने के साथ ही सामूहिक रूप से रोशना कुंवरी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## आवारा पशुओं के आतंक से किसान और राहगीरों में परेशानी बढ़ी



## सड़कों पर पशुओं की बढ़ती संख्या से आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं

**जहानागंज आजमगढ़ चंदेश्वर** क्षेत्र के आसपास स्थित गांवों से लेकर सड़कों तक कड़ाके की शीतलहर ठंड में आवारा पशुओं से किसान और राहगीर काफी परेशान नजर आ रहे हैं किसानों का कहना है कि पशुओं द्वारा फसल नुकसान का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है वही आवारा पशुओं की आतंक से सड़कों पर कहीं न कहीं आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं आवारा पशु किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गया है प्रतिदिन पशुओं के चलते दो पहिया वाहन सवार व राहगीर गिर कर चोटिल हो जा रहे हैं वहीं प्रदेश सरकार सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को पड़कर गौशाल भेजने का निर्देश दिया है इसके बावजूद भी अधिकारियों के लापरवाही से पशु सड़कों तथा खेतों में खुलेआम घूम रहे हैं प्रतिदिन किसान की फसल बर्बाद हो रही है वहीं चंदेश्वर क्षेत्र के किसान विकास सिंह अजय सिंह सुरेश राम चंद्रकुमार सिंह इंदु प्रकाश सिंह आदि लोगों का कहना है कि हम लोग खेतों में बुवाई कर दिए हैं लेकिन पशुओं के आतंक से फसल बर्बाद हो रही है हम लोगों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराया लेकिन कोई भी निदान नहीं मिला फसल को बचाने के लिए हम लोग बांस बल्ली तार से खेत को घेराबंदी कर रहे हैं लेकिन सवाल इस बात का है कि कितने खेतों की घेराबंदी की जाय तथा सड़कों पर भी पशुओं का आतंक बरकरार है

इसलिए जनपद के उच्च अधिकारियों का ध्यान चंदेश्वर क्षेत्र के आसपास आकृष्ट कराते हुए पशुओं की उत्तम व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए जिससे आने वाले दिनों में खेतों से लेकर सड़कों पर चढ़ने वाले राजगीरों को सुविधा मिल सके और दुर्घटनाएं से बचाव हो जए

## पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार परेड की ली सलामी, पुलिस कर्मियों को जनता से मधुर व्यवहार बनाए रखने की

**बहराइच। पुलिस अ**धीक्षक राम नयन सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक पुलिस परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई ।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिए बच्चों को संस्कृत व वैदिक शिक्षा का ज्ञान दिलाना जरूरी

### अन्न प्रसादम् कार्यक्रम के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोले पूर्व महाधिवक्ता राघवेन्द्र नाथ सिंह





**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज प्रया**गराज । श्रृंगवेरपुर आश्रम में अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत आयोजित अन्न प्रसादम् के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व महाधिवक्ता राघवेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि हम अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दिला रहे हैं, यही कारण है कि संस्कृत बोलने तो दूर, पढ़ने वाले न के बराबर हैं। इस लिए सनातन धर्म की रक्षा के लिए बच्चों को संस्कृत व वैदिक शिक्षा का ज्ञान दिलाना होगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी सनातन धर्म पर अपने विचार रखे। संचालन डा. शिवप्रसाद मिश्र ने किया।

इससे पूर्व बटुक आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम संयोजक श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य नारायणाचार्य शांडिल्य महाराज ने महाकुंभ से आए दंडी स्वामी एवं साधु संतों को अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्रृंगवेरपुर आश्रम में विगत पांच वर्षों से चल रहा अन्न प्रसादम् का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में सच्चा आश्रम से पधारे स्वामी चन्द्रदेव महाराज, नवनीत सिंह, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, डा. राजीव नारायण सिंह, जनसत्ता दल नेता बब्लू सिंह ने भी अपने विचार रखे। दिन में दस बजे से देर शाम तक चले अन्न प्रसादम् भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां कुलदीप नारायण तिवारी, सुधीर शुक्ला, सोनू पांडेय, राहुल चौरसिया, बचऊ तिवारी, भुवनेश्वर, रमेश पांडेय, डा. शिव प्रसाद, सुरेंद्र मिश्रा, एडवोकेट बब्लू पांडेय आदि रहे।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी